दिनांक-30.03.2026 को आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, लालगंज अन्तर्गत Anti Erosion work at Ganiyari village of left bank of left edge of River Ganga (Agenda No-242/63/2026) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-04SBD/2025-26 (ग्रुप संख्या-02) के तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति के द्वारा की गयी अनुशंसा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक- 30.03.2026 को सम्पन्न हुई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण :-

i. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।

ii. श्री वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।

iii. श्री धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर।

iv. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

(A) कार्य की विवरणी :-

(I)	कार्य का नाम	:-	Anti Erosion work at Ganiyari village of left bank of left edge of River Ganga (Agenda No-242/63/2026)
(II)	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	:-	प्रक्रियाधीन
(III)	समाचार पत्र में प्रकाशन	:-	हिन्दुस्तान, दिनांक-27.02.2026 PR No-025049 (WRD) 2025-26 दैनिक जागरण, दिनांक-27.02.2026 PR No-025049 (WRD) 2025-26
(IV)	परिमाण विपत्र की राशि	:-	रु० 5805.96 लाख
(V)	निविदा प्राप्ति की तिथि	:-	दिनांक-10.03.2026
(VI)	कार्य पूर्ण करने की अवधि/तिथि	:-	15.05.2026
(VII)	प्राप्त निविदा की संख्या	:-	01 (एक) अदद्
(VIII)	प्रमंडल का नाम	:-	बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, लालगंज
(IX)	निविदा की प्रक्रिया	:-	ई-टेन्डरिंग
(X)	एन.आई.टी. संख्या	:-	04SBD/2025-26 (ग्रुप संख्या-02)

(B) समीक्षा:-

दिनांक-25.03.2026 को सम्पन्न बैठक में विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर से प्राप्त निविदा अभिलेखों की समीक्षा के आधार पर स्थिति निम्नवत् है:-

1. **JAIPRAKASH CONTRACTORS PVT. LTD., SUPAUL, BIHAR :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्त्ताएँ पूर्ण करने से संबंधित अभिलेख संलग्न किये गये है। अतः ये तकनीकी बीड की वांछित अहर्त्ताएँ पूर्ण करते है।

उल्लेखनीय है कि उक्त कार्य की एकल निविदा के निस्तार हेतु पूर्व से ही विभागीय अनुमोदन प्राप्त है। पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या-3162(S) दिनांक-09.05.2016 की कंडिका-(2) के आलोक में उक्त एकल निविदा पर विभागीय निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया जाना है ।

(C) विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या-3162 (S) दिनांक-09.05.2016 की कंडिका-3 के आलोक में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर को तकनीकी बीड में सफल 01 (एक) अदद् निविदादाता यथा (1) JAIPRAKASH CONTRACTORS PVT. LTD., SUPAUL, BIHAR से इस आशय की सहमति कि ''यदि उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे यह कार्य परिमाण विपत्र की दर/ वार्तालापित दर पर कार्य करने के लिये सहमत होंगे'' लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर विभागीय निविदा समिति के समक्ष समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया।

30/03/26
(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार
जल संसाधन विभाग, पटना

30/3/26
(धर्मेन्द्र कुमार)
मुख्य अभियंता
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर

30/03/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

30/3/26
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांकः-बाढ़(मो०)सि०नि०-59/2026- 1039 /पटना, दिनांकः- 30-03-2026

प्रतिलिपिः- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक-786 दिनांक-06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

30/3/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता

पत्रांकः-बाढ़(मो०)सि०नि०-59/2026- 1039 /पटना, दिनांकः- 30-03-2026

प्रतिलिपिः- कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

30/3/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता